आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 रविवार 15.03.2026

मुख्य समाचारः–

1– निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुद्दुचेरी के लिए विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित कीं।

2– केन्द्र सरकार ने पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन रखने वाले परिवारों को अपना एलपीजी कनेक्शन वापस करने को कहा–छत्तीसगढ़ में रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई जारी।

3– नवा रायपुर में आयोजित दो दिवसीय ''आदि परब'' का हुआ समापन– मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

4– मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश में एक दो–स्थानों पर गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना।

निर्वाचन आयोग–विधानसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुद्दुचेरी के लिए विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित कर दी हैं। आयोग ने तमिलनाडु, असम, केरल और पुद्दुचेरी में एक चरण में चुनाव कराने की घोषणा की है। जबकि, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में चुनाव होंगे। नई दिल्ली में आज चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि असम, केरल और पुद्दुचेरी में मतदान नौ अप्रैल को होगा, जबकि तमिलनाडु में तेईस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में मतदान तेईस और उनतीस अप्रैल को होगा। सभी चार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश पुद्दुचेरी में मतगणना चार मई को होगी। श्री कुमार ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।
सभी मतदान केंद्रों पर निगरानी के लिए शत–प्रतिशत वेबकास्टिंग होगी।

केन्द्र–पीएनजी/एलपीजी–कार्रवाई–01

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइप वाली प्राकृतिक गैस– पीएनजी और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस–एलपीजी दोनों के कनेक्शन वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से अपना एलपीजी कनेक्शन वापस करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि पीएनजी कनेक्शन रखने वाले किसी भी व्यक्ति को घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखने या सरकारी तेल कंपनियों से एलपीजी सिलेंडर भरवाने की अनुमति नहीं होगी। तेल कंपनियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे उन उपभोक्ताओं को नए एलपीजी कनेक्शन जारी न करें, जिनके पास पहले से ही पाइप वाली प्राकृतिक गैस की सुविधा उपलब्ध है। सरकार ने कहा है कि यह कदम रसोई गैस की आपूर्ति में दोहराव को रोकने के लिए उठाया गया है। इस बीच, भारत के राजनयिक प्रयासों के बाद, खाड़ी देशों से एलपीजी ले जाने वाले दो वाहक जहाज, शिवालिक और नंदा देवी, कल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरू मध्य को पार कर गए। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ये जहाज सोलह और सत्रह मार्च को गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह तक पहुंचने वाले हैं। इनमें करीब बयानवे हजार सात सौ मीट्रिक टन एलपीजी लाया जा रहा है।

इधर, छत्तीसगढ़ में रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा छापे की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सूरजपुर जिले के करकोली

गांव में खाद्य और राजस्व विभाग की टीम ने एक गोदाम से पैंतीस रसोई गैस सिलेंडर जब्त किए। जिले में अब तक तिरानवे घरेलू सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं।

वहीं, बिलासपुर के भारती नगर क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग की शिकायत मिलने पर खाद्य विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। इसी तरह, जांजगीर–चांपा जिले में पामगढ़–शिवरीनारायण क्षेत्र के होटल और रेस्टोरेंट में छापे के दौरान ग्यारह घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश में कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में करीब बहत्तर लाख लंबित मामलों का निपटारा किया गया। यह एक नया कीर्तिमान है। दुर्ग जिला अदालत परिसर में आयोजित इस लोक अदालत के दौरान सैंतीस अरब बत्तीस करोड़ रूपये से ज्यादा के मुआवजे भी मंजूर किए गए।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया। इस लोक अदालत में विभिन्न जिला अदालतों के न्यायाधीश भी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने दुर्ग और रायपुर के न्यायालयों का निरीक्षण भी किया।

इसी कड़ी में रायपुर के जिला सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा की उपस्थिति में जिला अदालत परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग सोलह लाख लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय–वीसी

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में हुई बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल हुए। बैठक में जल जीवन मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने और हर घर तक नल से स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न राज्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के बारे में भी सभी राज्यों को अवगत कराया गया।

बैठक में उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि जल जीवन मिशन के लिए राज्य सरकार द्वारा तीन हजार चार सौ छब्बीस करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की गई है। उन्होंने इस मिशन के तहत केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि को प्राथमिकता के साथ जारी करने का अनुरोध किया।

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आज से प्रदेश में खुरहा–चपका रोग की रोकथाम के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान तीस अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पशुपालकों के घर–घर जाकर गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण करेंगे। साथ ही उनके रोगों का इलाज करेंगे। खुरहा–चपका रोग संक्रमित पशुओं के संपर्क में आने से अन्य पशुओं में फैलता है। इन रोगों का शिकार होने पर गौवंशीय पशुओं में दूध उत्पादन कम हो जाता है। भारत सरकार द्वारा वर्ष दो हजार उन्नीस से राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वर्ष दो हजार तीस तक इन रोगों को पूरी तरह समाप्त करना है।

## माओवादी आत्मसमर्पण

ओडिशा के कालाहांडी में ग्यारह माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन पर कुल एक करोड़ चौंतीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। समर्पण करने वालो में से कुछ माओवादी बस्तर संभाग के अलग–अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं। इनके पास से एके फोर्टी सेवन, एसएलआर और इंसास सहित अन्य बंदूकें बरामद की गई हैं।

## अफीम खेती–पटवारी तबादला

बलरामपुर जिले में अफीम की खेती करने का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने एक साथ अंठावन पटवारियों के तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार राजपुर, रामानुजगंज, कुसमी, वाड्रफनगर, शंकरगढ़, रघुनाथनगर और बलरामपुर सहित कई तहसीलों में वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ पटवारियों को हटाकर अन्य स्थानों पर भेजा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी पटवारियों को सोलह मार्च तक अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण करना होगा। निर्धारित समय–सीमा में पदभार ग्रहण नहीं करने वाले पटवारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## आदि परब–समापन

नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित दो दिवसीय ''आदि परब'' कल संपन्न हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी समाज के भविष्य को संवारने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से राज्य की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा और शोध के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान परिसर में पांच करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सौ सीटर छात्रावास का लोकार्पण किया।

समापन समारोह को आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम और वन मंत्री केदार कश्यप ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले जनजातीय समाज के अंकित साकिनी और डायमंड ध्रुव को सम्मानित किया।

## अमृत मित्र महोत्सव

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में छत्तीसगढ़ की पचहत्तर अमृत मित्र महिलाओं ने भागीदारी की। ये महिलाएं राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में वृक्षारोपण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल संरचना संचालन तथा सामुदायिक जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में राज्य की दो महिलाओं – बिलासपुर नगर निगम की रूकमणी गोस्वामी और लोरमी की हेमलता खत्री ने केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर की मौजूदगी में देशभर की एक हजार अमृत मित्रों के साथ अपने कार्यों के अनुभव साझा किए।

## रेलवे–डीआरएम कप

रायपुर के सेकरसा मैदान में चल रहा डी.आर.एम. कप क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब रेलवे की ऑपरेटिंग टीम ने जीत लिया है। तेरह मार्च को खेले गए फाइनल मुकाबले में ऑपरेटिंग टीम ने वैगन रिपेयर शॉप की टीम को टाई के बाद सुपर ओवर में पराजित किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर खेल संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में रेलवे की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में रायपुर के मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने

विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। प्रतियोगिता में रेलवे सुरक्षा बल की टीम तीसरे स्थान पर रही।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही कल मौसम में आंशिक परिवर्तन होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय छत्तीसगढ़ की ऊपरी हवा में एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके असर से कल प्रदेश में एक दो–स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से बस्तर संभाग में रहेगा। इसके अलावा मौसम विभाग ने एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की चेतावनी भी दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>